airGurukul

Preparing Bharat, Empowering Futures

RRB ALP CBT 1 2025 Question Paper

17 February 2026 · Shift 3 · with Answer Key

75 questions | 75 marks | 60 minutes | +1 / −1/3 | Hindi + English

Attempt this paper online – free

Real exam timer, instant score, all-India rank and detailed solutions in Hindi & English.

Scan · airgurukul.com/test-series

Call +91-7042559948 · www.airgurukul.com

Telegram Channel
t.me/airgurukulofficial

WhatsApp Channel
whatsapp.com/channel/0029VbBP7n00VycAFq6AGJ0l

YouTube Channel
youtube.com/@airGurukulRailwayExams

Android App
play.google.com/...?id=in.airgurukul

Instructions

1. Total 75 questions (Mathematics 25, General Intelligence and Reasoning 40, General Science 8, General Awareness 2).
2. Each correct answer carries 1 mark; 1/3 mark is deducted for each wrong answer.
3. Answer key is given at the end. Detailed solutions: scan the QR code on the last page.

Section 1: Mathematics (Q1–25)

Q1. **A trader marked the price of an item 40% above the cost price. He allowed two successive discounts of 20% and 25% to a customer. If he incurred a loss of ₹224, at what price did he sell the item to that customer?**

एक व्यापारी ने एक वस्तु का अंकित मूल्य क्रय मूल्य से 40% अधिक रखा। उसने एक ग्राहक को 20% और 25% की दो क्रमागत छूटें दीं। यदि उसे ₹224 की हानि हुई, तो उसने वह वस्तु उस ग्राहक को किस मूल्य पर बेची?

(A) ₹1,276
(B) ₹1,167
(C) ₹1,176
(D) ₹1,166

Q2. **A number is decreased by 18% and then increased by 22%. Find the net increase or decrease percentage (correct to two places of decimals).**

एक संख्या को 18% घटाया जाता है और फिर 22% बढ़ाया जाता है। निवल वृद्धि या कमी प्रतिशत ज्ञात कीजिए (दशमलव के दो स्थानों तक सही)।

(A) Decreased 0.04% / 0.04% की कमी
(B) Decreased 1.2% / 1.2% की कमी
(C) Increased 0.04% / 0.04% की वृद्धि
(D) Increased 1.2% / 1.2% की वृद्धि

Q3. **If volume of a sphere is numerically equal to the surface area of the sphere, then find the radius and surface area of the sphere. (Correct to 3 decimal places) (Use $\pi = \frac{22}{7}$)**

यदि किसी गोले का आयतन संख्यात्मक रूप से उस गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल के बराबर है, तो गोले की त्रिज्या और पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (दशमलव के 3 स्थानों तक सही) ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें)

(A) 2 unit and 113.143 unit^2 / 2 इकाई और 113.143 वर्ग इकाई
(B) 3 unit and 113.143 unit^2 / 3 इकाई और 113.143 वर्ग इकाई
(C) 3 unit and 131.143 unit^2 / 3 इकाई और 131.143 वर्ग इकाई
(D) 3 unit and 112.143 unit^2 / 3 इकाई और 112.143 वर्ग इकाई

Q4. **Simplify:** $\frac{\sin A}{1-\cos A} + \frac{1-\cos A}{\sin A}$.

सरल कीजिए: $\frac{\sin A}{1-\cos A} + \frac{1-\cos A}{\sin A}$

(A) $\sec A$
(B) $2\sec A$
(C) $\operatorname{cosec} A$
(D) $2\operatorname{cosec} A$

Q5. **On a certain sum, if at the same rate of interest, in 2 years, the simple interest is ₹64 and the compound interest is ₹72, then what is the sum (in ₹)?**

किसी निश्चित धनराशि पर, समान ब्याज दर से, 2 वर्षों में साधारण ब्याज ₹64 और चक्रवृद्धि ब्याज ₹72 है, तो धनराशि (₹ में) कितनी है?

(A) 121
(B) 132
(C) 128
(D) 123

Q6. **The volume of a solid cylinder is 5,236 cm^3 and its height is 34 cm. What is the total surface area of the solid cylinder?**
(Use $\pi = \frac{22}{7}$)

एक ठोस बेलन का आयतन 5,236 cm^3 है और इसकी ऊँचाई 34 cm है। ठोस बेलन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना है?
($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें)

(A) 1804 cm^2
(B) 1841 cm^2
(C) 1823 cm^2
(D) 1831 cm^2

Q7. **A car travels x km at 40 km/hr, another x km at 60 km/hr and 2x km at 80 km/hr. Find the average speed for the whole journey.**

एक कार x km की दूरी 40 km/hr की चाल से, अगली x km की दूरी 60 km/hr की चाल से और 2x km की दूरी 80 km/hr की चाल से तय करती है। पूरी यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

(A) 60 km/hr
(B) 55 km/hr
(C) 65 km/hr
(D) 58 km/hr

Q8. **If the median and mode of a data of 20 numbers are 250 and 295, respectively, then find the sum of the 20 numbers.**

यदि 20 संख्याओं वाले एक आँकड़े की माध्यिका और बहुलक क्रमशः 250 और 295 हैं, तो 20 संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

(A) 4050
(B) 4005
(C) 4500
(D) 4550

Q9. **What sum (in ₹) will earn an interest of ₹480 in 2 years at 8% simple interest per year?**

कौन-सी धनराशि (₹ में) 8% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 2 वर्षों में ₹480 का ब्याज अर्जित करेगी?

(A) 3150
(B) 2800
(C) 3200
(D) 3000

Q10. **Which of the following ratios is the smallest?**

निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे छोटा है?

(A) 4 : 7
(B) 7 : 10
(C) 5 : 8
(D) 6 : 9

Q11. **A and B start a business by investing ₹93,000 and ₹54,000, respectively. B leaves the business after 3 months, and then C joins with an investment of ₹28,000 for the remaining period of the year. If 11% of the total profit is ₹61,336, what is B's share of the profit?**

A और B ने क्रमशः ₹93,000 और ₹54,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। B, 3 महीने बाद व्यवसाय छोड़ देता है, और फिर C वर्ष की शेष अवधि के लिए ₹28,000 के निवेश के साथ जुड़ता है। यदि कुल लाभ का 11% ₹61,336 है, तो लाभ में B का हिस्सा कितना है?

(A) ₹59,070
(B) ₹59,059
(C) ₹59,040
(D) ₹58,951

Q12. **Find the simplified value of the following expression:**

$$\left(\frac{8.4}{0.7}+\frac{2.4}{4}\right)\div\left(\frac{9.6}{8}-\frac{3}{5}\right)$$

निम्नलिखित व्यंजक का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए:

$$\left(\frac{8.4}{0.7}+\frac{2.4}{4}\right)\div\left(\frac{9.6}{8}-\frac{3}{5}\right)$$

(A) 21
(B) 30
(C) 2.4
(D) 2.1

Q13. **The value of** $9^2+\sqrt{8^2}-10\sqrt{49}-20=$

$9^2+\sqrt{8^2}-10\sqrt{49}-20$ का मान है:

(A) 3
(B) -6
(C) -1
(D) -8

Q14. **20 people can do a piece of work in 15 days. After 5 days, 5 people left. How many more days will it take to complete the work? (Rounded off to two decimal places)**

20 व्यक्ति किसी कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 5 दिनों के बाद, 5 व्यक्ति काम छोड़कर चले गए। कार्य को पूरा करने में और कितने दिन लगेंगे? (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)

(A) 12.25 days / 12.25 दिन
(B) 14.15 days / 14.15 दिन
(C) 13.33 days / 13.33 दिन
(D) 10.5 days / 10.5 दिन

Q15. **The ratio of prices of three gift articles is 2 : 5 : 8. If the difference of the prices of the second and third articles is ₹5,055, then find the sum of the prices of three articles.**

तीन उपहार वस्तुओं की कीमतों का अनुपात 2 : 5 : 8 है। यदि दूसरी और तीसरी वस्तुओं की कीमतों का अंतर ₹5,055 है, तो तीनों वस्तुओं की कीमतों का योग ज्ञात कीजिए।

(A) ₹25,275
(B) ₹26,200
(C) ₹31,500
(D) ₹29,090

Q16. **An article is sold at a profit of 38%. If the cost price is increased by ₹68 and the selling price is reduced by ₹54, then the profit would be 37.5%. What is the original cost price (in ₹) of the article?**

एक वस्तु को 38% लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य में ₹68 की वृद्धि की जाए और विक्रय मूल्य में ₹54 की कमी की जाए, तो लाभ 37.5% होगा। वस्तु का मूल क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

(A) 29,500
(B) 29,400
(C) 29,700
(D) 29,300

Q17. **Find the area of a regular hexagon whose side measures $18\sqrt{2}$ cm. (Use $\sqrt{3} = 1.73$)**

उस सम षट्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी भुजा $18\sqrt{2}$ cm है। ($\sqrt{3} = 1.73$ का प्रयोग करें)

(A) 1681.56 cm^2
(B) 1691.56 cm^2
(C) 1671.56 cm^2
(D) 1661.56 cm^2

Q18. **100 bananas were bought at the rate of ₹1,200 per hundred and were sold at a profit of ₹1,100. Find the selling price (in ₹) per dozen bananas.**

100 केले ₹1,200 प्रति सैकड़ा की दर से खरीदे गए और ₹1,100 के लाभ पर बेचे गए। प्रति दर्जन केलों का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(A) 281
(B) 276
(C) 271
(D) 286

Q19. **A goods train and a superfast train started running from station A and station B, respectively, at the same time towards each other on parallel tracks. If the distance between station A and station B is 154 km and trains are running at speeds of 61 km/h and 93 km/h, respectively, then at how much distance (in km) from station B will the trains meet?**

एक मालगाड़ी और एक सुपरफास्ट ट्रेन क्रमशः स्टेशन A और स्टेशन B से एक ही समय पर समानांतर पटरियों पर एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करती हैं। यदि स्टेशन A और स्टेशन B के बीच की दूरी 154 km है और ट्रेनें क्रमशः 61 km/h और 93 km/h की चाल से चल रही हैं, तो ट्रेनें स्टेशन B से कितनी दूरी (km में) पर मिलेंगी?

(A) 88
(B) 93
(C) 112
(D) 86

Q20. **A shopkeeper fixes the marked price of an item 40% above its cost price. What percentage of discount should he offer to gain 26%?**

एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 40% अधिक निर्धारित करता है। 26% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे कितने प्रतिशत छूट देनी चाहिए?

(A) 12%
(B) 9%
(C) 0.11%
(D) 10%

Q21. **What is the mode of the following data?**
70, 70, 73, 71, 74, 69, 80, 68, 66, 66, 89, 83, 81, 86, 82, 74, 86, 87, 67, 72, 62, 76, 86, 65, 62
निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक क्या है?
70, 70, 73, 71, 74, 69, 80, 68, 66, 66, 89, 83, 81, 86, 82, 74, 86, 87, 67, 72, 62, 76, 86, 65, 62

(A) 66
(B) 70
(C) 86
(D) 74

Q22. **The sum of the present ages of Bunty and Bubbly is 64 years. After 2 years from now, Bunty's age will be three times that of Bubbly's age. Bunty's present age (in years) is:**
बंटी और बबली की वर्तमान आयु का योग 64 वर्ष है। अब से 2 वर्ष बाद, बंटी की आयु बबली की आयु की तीन गुनी होगी। बंटी की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?

(A) 49
(B) 43
(C) 39
(D) 56

Q23. **A can complete a job in 10 days and B in 15 days. They started working together, but after 4 days, B fell sick and left. A continued and finished the remaining work. Later, it was found that A had also been working at only 80% efficiency throughout. How many total days did it take to complete the entire work?**
A किसी कार्य को 10 दिनों में और B उसे 15 दिनों में पूरा कर सकता है। उन्होंने एक साथ काम करना शुरू किया, लेकिन 4 दिनों के बाद B बीमार हो गया और चला गया। A ने काम जारी रखा और शेष काम पूरा किया। बाद में पता चला कि A भी पूरे समय केवल 80% दक्षता से काम कर रहा था। पूरा काम पूरा करने में कुल कितने दिन लगे?

(A) $9\frac{5}{6}$
(B) $9\frac{1}{6}$
(C) $5\frac{1}{6}$
(D) $8\frac{1}{5}$

Q24. **A student's marks were incorrectly entered as 21 instead of 69. Due to this, the average marks of the class got decreased by $\frac{6}{5}$. What is the number of students in the class?**
किसी छात्र के अंक गलती से 69 के स्थान पर 21 दर्ज कर दिए गए। इसके कारण, कक्षा के औसत अंक $\frac{6}{5}$ कम हो गए। कक्षा में छात्रों की संख्या कितनी है?

(A) 42
(B) 50
(C) 37
(D) 40

Q25. **In an election, there were four candidates, and they received 4500, 1260, 240 and 2000 votes, respectively. If all eligible voters voted, all votes polled were valid and were in favour of one of the four candidates, then the difference between the vote percentages of the winning candidate and the runner up candidate was:**
एक चुनाव में चार उम्मीदवार थे, और उन्हें क्रमशः 4500, 1260, 240 और 2000 मत प्राप्त हुए। यदि सभी पात्र मतदाताओं ने मतदान किया, सभी डाले गए मत वैध थे और चारों उम्मीदवारों में से किसी एक के पक्ष में थे, तो विजेता उम्मीदवार और उपविजेता उम्मीदवार के मत प्रतिशत के बीच का अंतर कितना था?

(A) 31.25%
(B) 25%
(C) 27.5%
(D) 30.75%

Section 2: General Intelligence and Reasoning (Q26–65)

Q26. **Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-clusters are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster DOES NOT belong to that group? (Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)**

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी प्रकार से एक समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

(A) YAC
(B) PRU
(C) NPS
(D) JLO

Q27. **A question is followed by two statements numbered (I) and (II). You have to decide whether the data provided in the statements are sufficient to answer the question. Read both the statements and select the most appropriate answer.**
Question:
Among 5 poles, I, L, O, M and D each having a different height, which pole is the tallest?
Statements:
(I) I is taller than M but shorter than D. I is shorter than only one pole.
(II) M is taller than L.

एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह निर्णय लेना है कि कथनों में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए।
प्रश्न:
5 खंभों I, L, O, M और D में से प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है। सबसे ऊँचा खंभा कौन-सा है?
कथन:
(I) I, M से ऊँचा है लेकिन D से छोटा है। I केवल एक खंभे से छोटा है।
(II) M, L से ऊँचा है।

(A) Data in both statements I and II together are not sufficient to answer the question. / कथन I और II दोनों के आँकड़े मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(B) Data in statement I alone is sufficient to answer the question while data in statement II is not. / केवल कथन I के आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन II के आँकड़े पर्याप्त नहीं हैं।
(C) Data in statement II alone is sufficient to answer the question while data in statement I is not. / केवल कथन II के आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन I के आँकड़े पर्याप्त नहीं हैं।
(D) Data in both statements I and II together (and not statement I alone or statement II alone) are sufficient to answer the question. / कथन I और II दोनों के आँकड़े मिलकर (न कि केवल कथन I या केवल कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q28. **Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-cluster pairs are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster pair DOES NOT belong to that group? (Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)**

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी प्रकार से एक समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

(A) PL - KG
(B) MI - LP
(C) OK - JF
(D) KG - FB

Q29. **S, T, U, V, W, X and Y live on seven different floors of the same building. The lowermost floor in the building is numbered 1, the floor above it is numbered 2 and so on till the topmost floor is numbered 7. U lives on the fourth floor. Only two persons live between U and V. T lives immediately below V. W lives immediately above X but X does not live on the lowermost floor. S does not live on the lowermost floor. On which floor number does S live?**

S, T, U, V, W, X और Y एक ही इमारत की सात अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत की सबसे निचली मंजिल की संख्या 1 है, उसके ऊपर वाली मंजिल की संख्या 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी मंजिल की संख्या 7 है। U चौथी मंजिल पर रहता है। U और V के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। T, V के ठीक नीचे रहता है। W, X के ठीक ऊपर रहता है लेकिन X सबसे निचली मंजिल पर नहीं रहता है। S सबसे निचली मंजिल पर नहीं रहता है। S किस मंजिल पर रहता है?

(A) Floor Number 3 / मंजिल संख्या 3
(B) Floor Number 5 / मंजिल संख्या 5
(C) Floor Number 1 / मंजिल संख्या 1
(D) Floor Number 2 / मंजिल संख्या 2

Q30. **In a certain code language,**
'S + T' means 'S is the father of T',
'S - T' means 'S is the brother of T',
'S x T' means 'S is the wife of T' and
'S ÷ T' means 'S is the sister of T'.
Based on the above, how is M related to Q if 'M - N ÷ O + P x Q'?

एक निश्चित कूट भाषा में,
'S + T' का अर्थ है 'S, T का पिता है',
'S - T' का अर्थ है 'S, T का भाई है',
'S x T' का अर्थ है 'S, T की पत्नी है' और
'S ÷ T' का अर्थ है 'S, T की बहन है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'M - N ÷ O + P x Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

(A) Wife's mother's brother / पत्नी की माँ का भाई
(B) Mother's brother / माँ का भाई
(C) Wife's father's brother / पत्नी के पिता का भाई
(D) Father / पिता

Q31. **MXEL is related to OZHP in a certain way based on the English alphabetical order. In the same way, VRHB is related to XTKF. To which of the given options is QOJA related, following the same logic?**

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर MXEL एक निश्चित प्रकार से OZHP से संबंधित है। उसी प्रकार, VRHB, XTKF से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, QOJA दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

(A) TQLF
(B) SQME
(C) SOME
(D) TRLE

Q32. **Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-clusters are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster DOES NOT belong to that group? (Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)**

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी प्रकार से एक समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

(A) OGD
(B) JBY
(C) ASP
(D) RIF

Q33. **Two sets of numbers are given below. In each set of numbers, certain mathematical operation(s) on the first number result(s) in the second number. Similarly, certain mathematical operation(s) on the second number result(s) in the third number and so on. Which of the given options follows the same set of operations as in the given sets? (NOTE: Operations should be performed on the whole numbers, without breaking down the numbers into their constituent digits. E.g. 13 – Operations on 13 such as adding to/subtracting from/multiplying with 13 can be performed. Breaking down 13 into 1 and 3 and then performing mathematical operations on 1 and 3 is not allowed.)**

3 – 9 – 81 – 66 ; 5 – 25 – 625 – 610

नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(एँ) करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(एँ) करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं के समुच्चय का अनुसरण करता है? (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़कर फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

3 – 9 – 81 – 66 ; 5 – 25 – 625 – 610

(A) 2 – 4 – 16 – 21
(B) 9 – 81 – 6588 – 6573
(C) 4 – 16 – 256 – 241
(D) 7 – 49 – 2150 – 2250

Q34. **In a certain code language,**
'A - B' means 'A is the daughter of B',
'A / B' means 'A is the son of B',
'A * B' means 'A is the wife of B' and
'A + B' means 'A is the husband of B'.
Based on the above, how is T related to Z if 'T / L + H - Z'?

एक निश्चित कूट भाषा में,
'A - B' का अर्थ है 'A, B की पुत्री है',
'A / B' का अर्थ है 'A, B का पुत्र है',
'A * B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A + B' का अर्थ है 'A, B का पति है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'T / L + H - Z' है, तो T का Z से क्या संबंध है?

(A) Daughter's daughter / पुत्री की पुत्री
(B) Daughter's son / पुत्री का पुत्र
(C) Father / पिता
(D) Mother / माता

Q35. **In a certain code language, 'TRAP' is coded as '7486' and 'CART' is coded as '8274'. What is the code for 'C' in the given code language?**

एक निश्चित कूट भाषा में, 'TRAP' को '7486' लिखा जाता है और 'CART' को '8274' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'C' का कूट क्या है?

(A) 7
(B) 2
(C) 4
(D) 8

Q36. **Select the set in which the numbers are related in the same way as are the numbers of the following sets.**
(NOTE : Operations should be performed on the whole numbers, without breaking down the numbers into its constituent digits. E.g. 13 – Operations on 13 such as adding / subtracting /multiplying etc. to 13 can be performed. Breaking down 13 into 1 and 3 and then performing mathematical operations on 1 and 3 is not allowed.)
(10, 5, 60)
(9, 6, 64)

उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़कर फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
(10, 5, 60)
(9, 6, 64)

(A) (17, 5, 85)
(B) (11, 6, 86)
(C) (12, 4, 58)
(D) (8, 9, 62)

Q37. **Refer to the following letter series and answer the question that follows. Counting to be done from left to right only.**
(Left) T S I C X Z O A K L N T E W A K O D F H A G U K (Right)
How many such consonants are there, each of which is immediately preceded by a vowel and also immediately followed by a vowel?

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।
(बाएँ) T S I C X Z O A K L N T E W A K O D F H A G U K (दाएँ)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

(A) None / कोई नहीं
(B) Two / दो
(C) Three / तीन
(D) One / एक

Q38. **Each letter in the word PERSON is changed to the second letter following it in the English alphabetical order, and then all the letters thus formed are arranged in the English alphabetical order. Which letter will be fifth from the right in the new group of letters formed?**

शब्द PERSON के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है, और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। अक्षरों के इस नए समूह में दाएँ से पाँचवाँ अक्षर कौन-सा होगा?

(A) E
(B) Q
(C) T
(D) P

Q39. **Two sets of numbers are given below. In each set of numbers, a certain mathematical operation on the first number results in the second number. Similarly, certain mathematical operation on the second number results in the third number and so on. Which of the given options follows the same set of operations as in the given sets? (NOTE – A two/three digit number cannot be broken into individual digits for operations e.g. if 37 is followed by 10, the operation cannot be 3+7 as a two digit number cannot be broken into individual digits)**
14 - 84 - 86 - 82
15 - 90 - 92 - 88

नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं के समुच्चय का अनुसरण करता है? (नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता, उदाहरण के लिए यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता)
14 - 84 - 86 - 82
15 - 90 - 92 - 88

(A) 34 - 70 - 79 - 78
(B) 22 - 90 - 100 - 99
(C) 37 - 298 - 299 - 287
(D) 8 - 48 - 50 - 46

Q40. **This question is based on the following words:**
FAT HOG NIP LUX
In each of the words, each vowel is changed to the letter immediately following it in the English alphabetical order and each consonant is changed to the letter immediately preceding it in the English alphabetical order. In how many letter-clusters thus formed, will no vowel appear?

यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है:
FAT HOG NIP LUX
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

(A) None / कोई नहीं
(B) One / एक
(C) Two / दो
(D) Three / तीन

Q41. **Select the pair which follows the same pattern as that followed by the two pairs given below. Both pairs follow the same pattern.**
FPD : ENB
RUN : QSL

उस युग्म का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है जिसका अनुसरण नीचे दिए गए दो युग्म करते हैं। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
FPD : ENB
RUN : QSL

(A) ALM : BNP
(B) WHX : VEU
(C) ZYB : YTZ
(D) KFQ : JDO

Q42. **In a certain code language, 'TASH' is coded as '6348' and 'BAHT' is coded as '8653'. What is the code for 'B' in the given code language?**

एक निश्चित कूट भाषा में, 'TASH' को '6348' लिखा जाता है और 'BAHT' को '8653' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'B' का कूट क्या है?

(A) 6
(B) 5
(C) 8
(D) 3

Q43. **Refer to the given number, symbol series and answer the question that follows. Counting to be done from left to right only. (All numbers are single digit numbers only) (Left) 6 £ 2 @ % 7 8 # 1 3 * 9 $ & 4 ^ ≺ 5 (Right)**
How many such symbols are there each of which is immediately preceded by an odd number but not immediately followed by an even number?

दी गई संख्या, प्रतीक श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है। (सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं)
(बाएँ) 6 £ 2 @ % 7 8 # 1 3 * 9 $ & 4 ^ ≺ 5 (दाएँ)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है लेकिन ठीक बाद में सम संख्या नहीं है?

(A) One / एक
(B) None / कोई नहीं
(C) Two / दो
(D) Three / तीन

Q44. **Among five people named V, W, X, Y and Z, each have a certain age. The age of X is 12. V is four times the age of Z. Y is half the age of V. W is thrice the age of X. If Z is one ninth the age of W, what is the age of Y?**

V, W, X, Y और Z नाम के पाँच व्यक्तियों में से प्रत्येक की एक निश्चित आयु है। X की आयु 12 है। V की आयु, Z की आयु की चार गुनी है। Y की आयु, V की आयु की आधी है। W की आयु, X की आयु की तीन गुनी है। यदि Z की आयु, W की आयु का नौवाँ भाग है, तो Y की आयु कितनी है?

(A) 12
(B) 8
(C) 6
(D) 10

Q45. **Each of A, C, I, M, O, Q and W has an exam on a different day of a week starting from Monday and ending on Sunday of the same week.**
W has an exam on Friday. Exactly 3 people have exams between A and M, neither of whom has an exam on Sunday. Q has an exam immediately after I. O has an exam immediately before M. How many people have exams after Q?

A, C, I, M, O, Q और W में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
W की परीक्षा शुक्रवार को है। A और M के बीच ठीक 3 व्यक्तियों की परीक्षाएँ हैं, इन दोनों में से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। Q की परीक्षा, I के ठीक बाद है। O की परीक्षा, M के ठीक पहले है। Q के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षाएँ हैं?

(A) 3
(B) 2
(C) 1
(D) 4


Q46. **In this question, a question is followed by two statements numbered (I) and (II). You have to decide whether the data provided in the statements are sufficient to answer the question. Read both the statements and decide the appropriate answer.**
Among the five poles—R, A, M, E, and N—each having a different height, which pole is the shortest?
(I) N is taller than only two poles. E is taller than N but shorter than M.
(II) R is taller than A.


इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह निर्णय लेना है कि कथनों में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का निर्णय कीजिए।
पाँच खंभों—R, A, M, E और N—में से प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है। सबसे छोटा खंभा कौन-सा है?
(I) N केवल दो खंभों से ऊँचा है। E, N से ऊँचा है लेकिन M से छोटा है।
(II) R, A से ऊँचा है।


(A) Data in statement I alone is sufficient to answer the question while data in statement II is not / केवल कथन I के आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन II के आँकड़े पर्याप्त नहीं हैं
(B) Data in statement II alone is sufficient to answer the question while data in statement I is not / केवल कथन II के आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन I के आँकड़े पर्याप्त नहीं हैं
(C) Both statements I and II together are NOT sufficient to answer the question / कथन I और II दोनों मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(D) Both statements I and II together (and not statement I alone or statement II alone) are sufficient to answer the question / कथन I और II दोनों मिलकर (न कि केवल कथन I या केवल कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं


Q47. **Select the Venn diagram that best illustrates the relationship between the following classes.**
Headgears, Helmets, Caps

उस वेन आरेख का चयन कीजिए जो निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है।
शिरस्त्राण (हेडगियर), हेलमेट, टोपियाँ

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q48. **What should come in place of the question mark (?) in the given series based on the English alphabetical order?**
XJI PBA HTS ZLK ?

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
XJI PBA HTS ZLK ?

(A) RED
(B) TDS
(C) RDC
(D) RCD

Q49. **H, P, R, A, S and M are sitting around a circular table facing the centre. R is sitting second to the right of P and to the immediate left of H. S is sitting second to the left of M and to the immediate right of A. Who is sitting to the immediate left of P?**

H, P, R, A, S और M एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। R, P के दाएँ से दूसरे स्थान पर और H के ठीक बाएँ बैठा है। S, M के बाएँ से दूसरे स्थान पर और A के ठीक दाएँ बैठा है। P के ठीक बाएँ कौन बैठा है?

(A) M
(B) S
(C) A
(D) H

Q50. **What will come in the place of '?' in the following equation, if '+' and '-' are interchanged and '×' and '÷' are interchanged?**
31 - 1 × 2 ÷ 28 + 26 = ?

यदि '+' और '-' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
31 - 1 × 2 ÷ 28 + 26 = ?

(A) 20
(B) 19
(C) 21
(D) 17

Q51. **What should come in place of ? in the given series?**
57 65 81 113 177 ?

दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
57 65 81 113 177 ?

(A) 305
(B) 306
(C) 307
(D) 304

Q52. **Refer to the following series and answer the question that follows. Counting to be done from left to right. All numbers are single-digit numbers only.**
(Left) 1 3 5 7 5 5 7 4 5 8 9 5 4 4 5 5 4 5 7 7 6 5 7 6 (Right)
How many such odd digits are there, each of which is immediately preceded by an even digit and also immediately followed by an odd digit?

निम्नलिखित श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएँ से दाएँ की जानी है। सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।
(बाएँ) 1 3 5 7 5 5 7 4 5 8 9 5 4 4 5 5 4 5 7 7 6 5 7 6 (दाएँ)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

(A) THREE / तीन
(B) FOUR / चार
(C) ONE / एक
(D) FIVE / पाँच

Q53. **Tanisha starts from Point A and drives 68 km towards east. He then takes a left turn, drives 45 km, turns left and drives 78 km. He then takes a left turn and drives 71 km. He takes a final left turn, drives 10 km and stops at Point P. How far (shortest distance) and towards which direction should he drive in order to reach Point A again? (All turns are 90 degrees turns only unless specified)**

तनीषा बिंदु A से शुरू करके पूर्व की ओर 68 km गाड़ी चलाती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है, 45 km गाड़ी चलाती है, बाएँ मुड़ती है और 78 km गाड़ी चलाती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है और 71 km गाड़ी चलाती है। वह अंतिम बार बाएँ मुड़ती है, 10 km गाड़ी चलाती है और बिंदु P पर रुक जाती है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

(A) 25 km to the north / 25 km उत्तर की ओर
(B) 27 km to the south / 27 km दक्षिण की ओर
(C) 26 km to the north / 26 km उत्तर की ओर
(D) 24 km to the north / 24 km उत्तर की ओर

Q54. **Each of G, J, M, O, R, S and T has an exam on a different day of a week, starting from Monday and ending on Sunday of the same week. Only two people have exams before R. Only one person has an exam after M. Only three people have exams between R and T. Only one person has an exam between S and G. J has an exam immediately before S. Who among the following has an exam on Friday?**

G, J, M, O, R, S और T में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन है। R से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षाएँ हैं। M के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। R और T के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षाएँ हैं। S और G के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। J की परीक्षा S के ठीक पहले है।
निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा शुक्रवार को है?

(A) G
(B) J
(C) O
(D) M

Q55. **Read the given statements and conclusions carefully. Assuming that the information given in the statements is true, even if it appears to be at variance with commonly known facts, decide which of the given conclusions logically follow(s) from the statements.**
Statements:
Some engineers are footballers.
All cricketers are footballers.
Conclusions:
(I) Some engineers are cricketers.
(II) All footballers are cricketers.

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
कुछ इंजीनियर, फुटबॉलर हैं।
सभी क्रिकेटर, फुटबॉलर हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ इंजीनियर, क्रिकेटर हैं।
(II) सभी फुटबॉलर, क्रिकेटर हैं।

(A) Only conclusion (I) follows / केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
(B) Only conclusion (II) follows / केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
(C) Neither conclusion (I) nor (II) follows / न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
(D) Both conclusions (I) and (II) follow / निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q56. **If 2 is added to each odd digit and 1 is subtracted from each even digit in the number 2741586, how many digits will appear more than once in the new number thus formed?**

यदि संख्या 2741586 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएँगे?

(A) One / एक
(B) None / कोई नहीं
(C) Two / दो
(D) Three / तीन

Q57. **Puja starts from Point A and drives 31 km towards the south. He then takes a left turn, drives 40 km, turns left and drives 36 km. He then takes a left turn and drives 41 km. He takes a final left turn, drives 5 km and stops at Point P. How far (shortest distance) and towards which direction should he drive in order to reach Point A again? (All turns are 90-degree turns only unless specified.)**

पूजा बिंदु A से शुरू करके दक्षिण की ओर 31 km गाड़ी चलाती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है, 40 km गाड़ी चलाती है, बाएँ मुड़ती है और 36 km गाड़ी चलाती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है और 41 km गाड़ी चलाती है। वह अंतिम बार बाएँ मुड़ती है, 5 km गाड़ी चलाती है और बिंदु P पर रुक जाती है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

(A) 2 km to the east / 2 km पूर्व की ओर
(B) 3 km to the North / 3 km उत्तर की ओर
(C) 4 km to the South / 4 km दक्षिण की ओर
(D) 1 km to the east / 1 km पूर्व की ओर

Q58. **A, B, C, D, E, F and G are sitting around a circular table, facing the centre. Only two people sit between D and G when counted from the right of D. Only two people sit between G and C. Only three people sit between D and B. E sits to the immediate left of A. How many people sit between A and B when counted from the right of A?**

A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं।
D के दाएँ से गिनने पर D और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E, A के ठीक बाएँ बैठा है।
A के दाएँ से गिनने पर A और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(A) 1
(B) 3
(C) 2
(D) 4

Q59. **Manan, Kiran, Aditi, Isha, Trisha and Arya live on six different floors of the same building. The lowermost floor in the building is numbered 1, the floor above it is numbered 2 and so on till the topmost floor is numbered 6. Trisha lives immediately above Arya. Only one person lives between Arya and Aditi. Only two people live between Isha and Arya. Arya lives on an odd-numbered floor but not on the lowermost floor. Kiran lives immediately above Trisha. Who lives on floor number 2?**

मनन, किरण, अदिति, ईशा, तृषा और आर्या एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत की सबसे निचली मंजिल की संख्या 1 है, उसके ऊपर वाली मंजिल की संख्या 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी मंजिल की संख्या 6 है। तृषा, आर्या के ठीक ऊपर रहती है। आर्या और अदिति के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। ईशा और आर्या के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। आर्या एक विषम संख्या वाली मंजिल पर रहती है लेकिन सबसे निचली मंजिल पर नहीं। किरण, तृषा के ठीक ऊपर रहती है। मंजिल संख्या 2 पर कौन रहता है?

(A) Kiran / किरण
(B) Manan / मनन
(C) Aditi / अदिति
(D) Isha / ईशा

Q60. **Refer to the following letter series and answer the question that follows. Counting to be done from left to right only.**
(Left) P Q W T A V A B T A X H L T O K W L X T S (Right)
How many such vowels are there, each of which is immediately preceded by a consonant and also immediately followed by a vowel?

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।
(बाएँ) P Q W T A V A B T A X H L T O K W L X T S (दाएँ)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

(A) None / कोई नहीं
(B) Two / दो
(C) Three / तीन
(D) One / एक

Q61. **What should come in place of the question mark (?) in the given series based on the English alphabetical order?**
FVM ITK LRI OPG ?
अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
FVM ITK LRI OPG ?

(A) SNE
(B) RNF
(C) SNT
(D) RNE

Q62. **What should come in place of the question mark (?) in the given series?**
207 194 181 168 155 ?
दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
207 194 181 168 155 ?

(A) 147
(B) 140
(C) 145
(D) 142

Q63. **EG 13 is related to FI 65 in a certain way. In the same way, JL 41 is related to KN 205. To which of the given options is RT 25 related, following the same logic?**
EG 13 एक निश्चित प्रकार से FI 65 से संबंधित है। उसी प्रकार, JL 41, KN 205 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RT 25 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

(A) SU 135
(B) PV 135
(C) PU 145
(D) SV 125

Q64. **Each letter in the word DUSTING is changed to the letter immediately following it in the English alphabetical order and then all the letters thus formed are arranged in alphabetical order. Which of the following letters will be third from the right in the new group of letters thus formed?**
शब्द DUSTING के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। अक्षरों के इस नए समूह में दाएँ से तीसरा अक्षर निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

(A) U
(B) O
(C) T
(D) H

Q65. **If 'A' stands for '÷', 'B' stands for 'x', 'C' stands for '+' and 'D' stands for '-', what will come in place of the question mark (?) in the following equation?**
13 A 43 B 43 C 1 D 43 = ?
यदि 'A' का अर्थ '÷', 'B' का अर्थ '×', 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
13 A 43 B 43 C 1 D 43 = ?

(A) -28
(B) -31
(C) -29
(D) -27

Want to clear RRB ALP CBT 1?

Prepare with **Shatābdī (शताब्दी) 1.0 – RRB Group-D Preparation Course** – structured classes, practice and doubt support for RRB ALP CBT 1.

Every PYP as an online test
Shift-wise papers with timer, score and rank.

Detailed solutions
Step-by-step answers in Hindi and English.

Free live classes
Daily classes on our YouTube channel airGurukul Railway Exams.

Exam updates
Notifications, admit cards and results on WhatsApp.

See the course

Attempt this paper online

Detailed solutions

Free classes & exam updates

Telegram Channel
t.me/airgurukulofficial

WhatsApp Channel
whatsapp.com/channel/0029VbBP7n00VycAFq6AGJ0I

YouTube Channel
youtube.com/@airGurukulRailwayExams

Android App
play.google.com/...?id=in.airgurukul

Call / WhatsApp **+91-7042559948** · www.airgurukul.com

Section 3: General Science (Q66–73)

Q66. **Consider the following chemical reactions:**

I: $BaCl_2$ (aq) + Na_2SO_4 (aq) → $BaSO_4$ (s) + 2NaCl (aq)

II: $Pb(NO_3)_2$ (aq) + KI (aq) → PbI_2 (s) + $2KNO_3$(aq)

Which of the following correctly classifies these reactions?

निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रियाओं पर विचार कीजिए:

I: $BaCl_2$ (aq) + Na_2SO_4 (aq) → $BaSO_4$ (s) + 2NaCl (aq)

II: $Pb(NO_3)_2$ (aq) + KI (aq) → PbI_2 (s) + $2KNO_3$(aq)

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इन अभिक्रियाओं का सही वर्गीकरण करता है?

(A) I: Double displacement reaction; II: Displacement reaction / I: द्वि-विस्थापन अभिक्रिया; II: विस्थापन अभिक्रिया

(B) I: Double displacement reaction; II: Neutralisation reaction / I: द्वि-विस्थापन अभिक्रिया; II: उदासीनीकरण अभिक्रिया

(C) I: Displacement reaction; II: Double displacement reaction / I: विस्थापन अभिक्रिया; II: द्वि-विस्थापन अभिक्रिया

(D) Both are double displacement reactions / दोनों द्वि-विस्थापन अभिक्रियाएँ हैं

Q67. **When white light passes through a prism, different colours of light bend through different angles. Which colour bends the least and which bends the most?**

जब श्वेत प्रकाश प्रिज्म से होकर गुजरता है, तो प्रकाश के विभिन्न रंग विभिन्न कोणों पर मुड़ते हैं। कौन-सा रंग सबसे कम मुड़ता है और कौन-सा सबसे अधिक मुड़ता है?

(A) Blue bends the least, yellow bends the most / नीला सबसे कम मुड़ता है, पीला सबसे अधिक मुड़ता है

(B) Red bends the most, violet bends the least / लाल सबसे अधिक मुड़ता है, बैंगनी सबसे कम मुड़ता है

(C) Red bends the least, violet bends the most / लाल सबसे कम मुड़ता है, बैंगनी सबसे अधिक मुड़ता है

(D) Both red and violet bend equally / लाल और बैंगनी दोनों समान रूप से मुड़ते हैं

Q68. **Which of the following hormones is secreted by the pituitary gland?**

निम्नलिखित में से कौन-सा हॉर्मोन पीयूष ग्रंथि (पिट्यूटरी ग्रंथि) द्वारा स्रावित होता है?

(A) Growth hormone / वृद्धि हॉर्मोन

(B) Insulin / इंसुलिन

(C) Adrenaline / एड्रेनालाईन

(D) Thyroxine / थायरॉक्सिन

Q69. **A concave mirror is used in torches and car headlights because it:**

टॉर्च और कार की हेडलाइट में अवतल दर्पण का उपयोग किया जाता है क्योंकि यह:

(A) Always forms virtual images / हमेशा आभासी प्रतिबिंब बनाता है

(B) Reduces the brightness of light / प्रकाश की चमक को कम करता है

(C) Can produce a parallel beam of light / प्रकाश की समानांतर किरण-पुंज उत्पन्न कर सकता है

(D) Scatters light in all directions / प्रकाश को सभी दिशाओं में बिखेरता है

Q70. Which chamber of the heart sends deoxygenated blood to the lungs for oxygenation?
हृदय का कौन-सा कक्ष विऑक्सीजनित रक्त को ऑक्सीजनीकरण के लिए फेफड़ों में भेजता है?

(A) Left ventricle / बायाँ निलय
(B) Right atrium / दायाँ आलिंद
(C) Right ventricle / दायाँ निलय
(D) Left atrium / बायाँ आलिंद

Q71. Which of the following events happens when lysosomes in a cell burst?
जब किसी कोशिका में लाइसोसोम फट जाते हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सी घटना होती है?

(A) Enzymes digest foreign particles only / एंजाइम केवल बाहरी कणों को पचाते हैं
(B) Cell division increases / कोशिका विभाजन बढ़ जाता है
(C) Cell becomes more active / कोशिका अधिक सक्रिय हो जाती है
(D) Enzymes digest the cell's own components / एंजाइम कोशिका के अपने घटकों को पचा लेते हैं

Q72. LPG (Liquefied Petroleum Gas) is stored in cylinders in liquid form because:
LPG (द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस) को सिलेंडरों में द्रव रूप में संग्रहित किया जाता है क्योंकि:

(A) It reacts with air to form liquid / यह वायु के साथ अभिक्रिया करके द्रव बनाती है
(B) It is cooled and compressed under high pressure / इसे ठंडा करके उच्च दाब पर संपीडित किया जाता है
(C) It is solidified before use / उपयोग से पहले इसे ठोस बना दिया जाता है
(D) It is heated and expanded under low pressure / इसे निम्न दाब पर गर्म और प्रसारित किया जाता है

Q73. A force acts on a 4 kg body at rest and produces an acceleration of 3 m/s². The final velocity after 5 seconds is:
एक बल, विरामावस्था में स्थित 4 kg के पिंड पर कार्य करता है और 3 m/s² का त्वरण उत्पन्न करता है। 5 सेकंड बाद अंतिम वेग कितना होगा?

(A) 20 m/s
(B) 10 m/s
(C) 12 m/s
(D) 15 m/s

Section 4: General Awareness (Q74–75)

Q74. Exercise Varuna 2025 was conducted between India and which country?
वरुण 2025 अभ्यास भारत और किस देश के बीच आयोजित किया गया था?

(A) Japan / जापान
(B) Russia / रूस
(C) USA / अमेरिका
(D) France / फ्रांस

Q75. Which of the following is a type of 'urban local government' according to the Constitution of India?
भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा 'शहरी स्थानीय शासन' का एक प्रकार है?

(A) Gram Sabha / ग्राम सभा
(B) Zila Panchayat / जिला पंचायत
(C) Municipality / नगरपालिका
(D) Block Panchayat / प्रखंड (ब्लॉक) पंचायत

Answer Key – RRB ALP CBT 1 17 February 2026, Shift 3

1	C	2	C	3	B	4	D	5	C
6	A	7	A	8	D	9	D	10	A
11	C	12	A	13	C	14	C	15	A
16	A	17	A	18	B	19	B	20	D
21	C	22	A	23	B	24	D	25	A
26	A	27	B	28	B	29	B	30	C
31	B	32	D	33	C	34	B	35	B
36	C	37	C	38	D	39	D	40	C
41	D	42	B	43	C	44	B	45	A
46	D	47	D	48	C	49	B	50	B
51	A	52	B	53	C	54	C	55	C
56	C	57	D	58	A	59	B	60	A
61	D	62	D	63	D	64	C	65	C
66	D	67	C	68	A	69	C	70	C
71	D	72	B	73	D	74	D	75	C

Why is an answer correct?
Scan for detailed solutions of all 75 questions in Hindi & English – free with login.

Keep practising with airGurukul

All RRB ALP CBT 1 previous year papers – free PDFs, online tests and solved eBooks at **airgurukul.com/library/pyp/rrb-alp-cbt1**.

Attempt this paper online – free
Full test and section-wise tests with timer, score and rank at airgurukul.com/test-series

Join airGurukul

Telegram Channel
t.me/airgurukulofficial

WhatsApp Channel
whatsapp.com/channel/0029VbBP7n00VycAFq6AGJ0I

YouTube Channel
youtube.com/@airGurukulRailwayExams

Android App
play.google.com/...?id=in.airgurukul

airGurukul

airGurukul Institute for Career Growth · Prince Edutech Private Limited
Call +91-7042559948 · info@airgurukul.com · www.airgurukul.com